दिनांक 26.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने विगत् दिनों सभी विभाग प्रमुख , जोन आयुक्तों , राजस्व अधिकारी , स्वास्थ्य अधिकारी की बैठक ली थी जिसमें गंदगी फैलाये जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था।

उसी कड़ी में आज जोन 03 मदर टेरेसा नगर कार्यालय के अंतर्गत सेक्टर- 01 सड़क 11 के सामने शादी पार्टी में गंदगी फैलाने पर जायसवाल टेंट हाउस खुर्सीपार से जोन के राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले ने 5 हजार रुपये अर्थदण्ड की राशि वसूल कर निगम कोष में जमा कराया गया और रसीद प्रदान की गई।